Re : Need to construct a metalled diversion road at Shamshuddinpur, Uttar Pradesh-laid

श्री लालजी वर्मा (अम्बेडकर नगर) : उत्तर रेलवे के गोशाईगंज एवं कटेहरी रेलवे स्टेशन के मध्य जिला अम्बेडकर नगर के ग्राम - अटवाई, समसुद्दीनपुर आदि ग्रामों को जाने के लिए रेलवे क्रासिंग की जगह पर गेट न०- 91 ए. सी. के पास रेलवे विभाग द्वारा अण्डर पास बनाया गया । उक्त अण्डर पास से उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की नहर (कैनाल) निकलती है । अण्डर पास की दिवार के Waterproof न होने के कारण उक्त नहर से अण्डर पास में लगभग 17 फिट तक पानी भर जाता है, जिसके कारण उक्त अण्डर पास के द्वारा आम लोगों का आना जाना वाधित है । उक्त जल भराव के कारण दो व्यक्तियों की डूबने से मृत्यु भी हो चुकी है । रेलवे विभाग द्वारा डाइवर्जन कर रेलवे का फाटक बनाया गया है । परन्तु उक्त डाईवर्जन की सड़क कच्ची है, जिसके कारण बरसात हो जाने के बाद लोगों का आना-जाना सम्भव नहीं हो पाता है । अस्तु इस लोक महत्व के अविलम्बनीय प्रश्न पर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए उक्त डाइवर्जन पर पक्की सड़क बनाने एवं उक्त भूमि का मुआवजा दिये जाने की मांग करता हूं ।